एक फ़ूड पैंट्री का दौरा

एक फ़ूड पेंट्री क्या है?

एक केंद्र जहां व्यक्तियों और परिवारों को भोजन की ज़रुरत होती है, वे बिना किसी कीमत पर 3-दिन की भोजन आपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। फूड पैंट्री सरकारी एजेंसियां नहीं हैं, वे चैरिटी संस्थाएं हैं जिनका उद्देश्य आपको और आपके परिवार को खिलाना है।

आप एक फ़ूड पेंट्री कैसे ढूंढ सकते हैं?

फ़ूड पेंट्री खोजने में मदद के लिए अपने पड़ोसी, या उन संगठनों से पूछें जो आपकी मदद करते हैं। इसके अलावा, आप अपने ज़िप कोड क्षेत्र में पैंट्री और भोजन कार्यक्रमों की सूची के लिए FreshTrak.com पर जा सकते हैं।

जब आप अपनी पहली बार फ़ूड पेंट्री पर जाते हैं तो आपको क्या उम्मीद लगानी चाहिए और वहाँ आपको कौन सी चीज़ लेकर जानी चाहिए?

1. वहाँ पर लोगो की एक लाइन होने की अपेक्षा करें और आपको सेवा देने से पहले 30 मिनट तक इंतज़ार करना पड़ सकता है। दिन में बाद में जाने की कोशिश करें।
2. आप उन्हें बताएँगे कि आपके घर में कितने लोग रह रहे हैं और उनकी उम्र क्या है।
3. पहचान का प्रमाण (किसी भी तरह की फोटो आई.डी) - चालक का लाइसेंस, पासपोर्ट, * कृपया ध्यान दें कि जब भी आप पेंट्री में जाते हैं तो इसकी ज़रुरत होगी।
4. अपने वर्तमान पते की पुष्टी करवाने के लिए अपने साथ एक लीज़, किराये का समझौता, एक मेल या उपयोगिता बिल लेकर आयें।
5. भोजन प्राप्त करने के लिए आपको सेवा के समय आय दिशानिर्देशों को पूरा करना होगा। यह स्वयं सूचित है और किसी प्रमाण की ज़रुरत नहीं होगी।
6. आपसे यह हस्ताक्षर करने के लिए कहा जाएगा कि आपके द्वारा साझा की गई सभी जानकारी सही है।

एक फ़ूड पैंट्री से आपको किस प्रकार का भोजन प्राप्त होगा?

हर एक पेंट्री में भोजन के पदार्थ अलग हो सकते हैं। क्या उपलब्ध है यह देखने के लिए पहले पेंट्री पर जाना एक अच्छा विचार है और यह सोचें कि भोजन बनाने के लिए कौन सी चीजें एक साथ चलेंगी।
कुछ पैंट्री में, आपको फूड पेंट्री में प्रवेश करने और अपनी खुद की खरीदारी करने की अनुमति होगी। दूसरों के पास एक ड्राइव-थ्रू होगा जहाँ आप भोजन के पहले से पैक किए गए बक्से उठा सकते हैं। स्वयंसेवक आपके लिए आपकी कार लोड करेंगे।

कुछ सुझाव:

→ "एक्स्ट्रा" जैसे डायपर और वाइप्स, पालतू जानवरों का भोजन या व्यक्तिगत देखभाल वस्तुओं के बारे में पूछें। → अगर आपका कोई मित्र है जो आपकी भाषा में आपके ले लिए अनुवाद में सहायता कर सकता है, तो उसे अपने साथ लाएँ।
→ अगर आपको आहार संबंधी कोई विशेष ज़रुरत है, तो कृपया पैंट्री कर्मियों को सूचित करें।
→ भोजन या चिकित्सा सहायता जैसी अन्य सेवाओं में मदद के लिए पूछें।
→ सप्ताह के अलग-अलग दिनों पर जाएं।
→ कर्मचारियों के प्रति विनम्र रहें।